>

Title: Need to close toll gates on Mumbai-Goa and Mumbai-Ahamdabad National Highways.

डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे): सभापति महोदय, मैं अपने आपको बहुत ही खुशनसीब महसूस करता हूं कि आपके नेतृत्व में मुझे यह मुद्दा उठाने का मौका मिला है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में दो नेशनल हाईवेज आते हैं, एक मुम्बई-गोआ है और दूसरा मुम्बई-अहमदाबाद है।...(व्यवधान) जिस तरह से महाराष्ट्र सरकार ने टौल-नाके बंद करके वहां के लोगों को बहुत बड़ी राहत दी है, मैं आपसे विनती करता हूं कि सरकार यही अपनापन वहां की जनता के प्रति दिखाकर दोनों टौल-नाके रद्द करे। यही मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है।